# COLLEGE OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCE, BIKANER

क्रमांक वी.सी.बी. / लेखा / क्रय / 2025–26 / 213-17 दिनांकः– 27/5/2025

M/S Abhishek Trader,
Opp. Sabji Mandi,
Pugal Road,Bikaner

विषयः– कॉलेज परिसर में उगे हुए विलायती बबूल व अन्य झाड़–झखाड़ इत्यादि को जे.सी.बी. मशीन से जड़ सहित काटने / उखाड़ने हेतु खुली प्रतियोगी बोली (दर संविदा) निविदा सूचना संख्या 04 / 2025–26 के संबध में ।

महोदय,

उपरोक्त विषय की खुली प्रतियोगी बोली (दर संविदा) सूचना सं. 04 / 2025–26 (क्रमांक वी. सी.बी. / लेखा / क्रय / 2025–26 / 153 दिनांक 14.05.2025) के अन्तगर्त आपके द्वारा प्रस्तुत निविदा के सन्दर्भ में सूचित किया जाता है कि गठित कमेटी की सिफारिशानुसार आपके पक्ष में कॉलेज परिसर में उगे हुए विलायती बबूल व अन्य झाड़–झखाड़ इत्यादि को जे.सी.बी. मशीन से जड़ सहित काटने / उखाड़ने हेतु की दर रू 1290 / –प्रति घण्टा निविदा में वर्णित शर्तो के अनुसार अनुमोदित की जाती हैः–

## दर संविदा की शर्तेः–

1. दर संविदा की अवधि उक्त पत्र जारी होने की तिथि से एक वर्ष तक मान्य होगी तथा आवश्यकतानुसार दोनो की सहमति से अवधि बढ़ाई जा सकेगी । निविदा कभी भी किसी पूर्व सूचना के अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निरस्त की जा सकती है।
2. उक्त दरें समस्त प्रकार के कर सहित है ।
3. बिलों का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा तथा बिल कोषागार से पारित होने पर भी भुगतान किया जा सकेगा। फर्म के बिल में से नियमानुसार जीएसटी एवं टी.डी.एस. काटकर भुगतान किया जायेगा।
4. जिस निविदादाता को कॉलेज परिसर में उगे हुए विलायती बबूल व अन्य झाड़–झखाड़ इत्यादि को जे.सी.बी. मशीन से जड़ सहित काटने / उखाड़ने हेतु आदेश दिया जायेगा उसे प्रभारी भवन के आदेशानुसार कार्य करना होगा । प्रभारी भवन के द्वारा दूरभाष से जे.सी.बी. बुलाने पर तीन घंटे के अन्दर अन्दर जे.सी.बी. उक्त कार्य हेतु उपलब्ध करवानी होगी। कॉलेज परिसर में उगे हुए विलायती बबूल व अन्य झाड़–झखाड़ इत्यादि को जे.सी.बी. मशीन से जड़ सहित काटने / उखाड़ने हेतु कार्य करने के पश्चात ही निविदादाता द्वारा भुगतान हेतु बिल को प्रभारी भवन से सत्यापित करवाने के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।
5. विलायती बबूल व अन्य झाड़–झखाड़ इत्यादि को जे.सी.बी.मशीन से जड़ सहित काटते / खोदते समय जो भी गढ़ा होगा, जो वापिस समतल करने की जिम्मेदारी भी स्वीकृत निविदादाता की होगी ।
6. जे.सी.बी. मशीन मे लगने वाला डीजल, ऑयल,चालक व अन्य खर्चा होगा, जो अनुमोदित निविदादाता को ही वहन करना होगा ।
7. जे.सी.बी. महाविधालय में पहुंचने के बाद से जब कार्य शुरू होने के पश्चात ही समय की गणना होगी ।
8. महाविधालय परिसर में विभिन्न विभागों / कार्यालयों के आस–पास उगे हुए विलायती बबूल व अन्य झाड़–झखाड़ इत्यादि को जड़ सहित जे.सी.बी. मशीन से काटकर एक जगह एकत्रित भी करना होगा ।

क्रमशः–2

9. कार्य के दौरान जे.सी.बी. चलने की लॉक बुक अवधि समय .... से ...तक की दिनांकवार संधारित की जाकर प्रभारी भवन द्वारा प्रमाणित की जावेगी जिसके आधार पर ही भुगतान किया जावेगा।
10. उक्त दर संविदा के तहत अनुमोदित दरों पर महाविद्यालय में आवश्यकता होने पर मिट्टी हटाने,गढ्ढा खोदने इत्यादि का कार्य अनुमोदित दर पर करवाया जा सकेगा । जिसका भुगतान अनुमोदित दर प्रति घंटा के हिसाब से प्रभारी भवन से बिल सत्यापित होने के पश्चात ही किया जा सकेगा ।
11. यदि अनुमोदित फर्म उक्त का कार्य नही कर सका तो उक्त कार्य अन्य व्यापारी/फर्म से करवाया जायेगा। उक्त कार्य अन्य व्यापारी/फर्म से करवाने पर यदि विश्वविद्यालय को अधिक भुगतान करना पड़ा तो अधिक भुगतान की गई राशि फर्म के बिल में से अथवा कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के रूप में जमा राशि में से वसूल कर ली जावेगी ।
12. अधिष्ठाता द्वारा दर संविदा किसी भी समय बिना किसी कारण बतलांए निरस्त की जा सकेगी।
13. किसी भी तरह का वाद– विवाद का न्यायिक क्षैत्र बीकानेर होगा ।
14. कार्य/आपूर्ती विलंब से करने पर नियमानुसार परिनिर्धारित हानि की वूली की जावेगी ।
15. उपरोक्त शर्तो के अलावा **General terms and conditions** राजस्थान पशु चिकित्सा एंव पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर व आरटीपीपी एक्ट 2012 व आरटीपीपी नियम 2013 भी लागू होंगे ।
16. उक्त पत्र जारी होने की तिथि से 07 दिन के अन्दर--अन्दर रू0 500/– के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पर अनुबंध पत्र प्रस्तुत करे ।
17. उक्त कार्य की अनुमानित लागत रू0. 6.00 लाख का पांच प्रतिशत कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि रू0 30,000/– होगी । निविदा के साथ जमा कराई गई बोली प्रतिभूति राशि रू0 12000/– को कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के रूप में समायोजित की जाती है तथा शेष कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि रू0 18000/– नगद/बैंकर चैक/डी.डी. के द्वारा इस पत्र के जारी होने की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर और जमा करानी होगी ।

भ व दी य

अधिष्ठाता

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान् वित्त नियंत्रक/कोषाधिकारी,राजुवास, बीकानेर ।
2. प्रभारी भवन, सी.वी.ए.एस., बीकानेर ।
3. नोडल अधिकारी, नीसाजीनेट/एसएसपीपी, राजुवास, बीकानेर ।
4. सहायक लेखाधिकारी/बिल क्लर्क/कैशियर/चैक राईटर, सी.वी.ए.एस., बीकानेर ।

अधिष्ठाता